# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## मदरसा परीक्षा, 2021 के लिए पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने संबंधी सूचना

### विज्ञप्ति संख्या - 21/2021

एतद् द्वारा वर्ग वस्तानियाँ से मौलवी तक की परीक्षा 2021 के लिए पंजीकृत होने वाले सभी छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, प्रधान मौलवी एवं संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र ऑनलाईन निम्न कार्यक्रम के अनुसार परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे:–

| शुल्क विवरणी | ऑनलाइन प्रपत्र भरने एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास **Online submit** करने की तिथि | जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र **approve** करने की तिथि | चालान जेनरेट करने की अंतिम तिथि | चालान के माध्यम से बैंक में शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 29.06.2021 से 10.07.2021 तक | 10.07.2021 तक | 10.07.2021 तक | 13.07.2021 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 11.07.2021 से 19.07.2021 तक | 19.07.2021 तक | 19.07.2021 तक | 22.07.2021 तक |

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन पंजीयन के **Steps निम्नवत् है:-**

- मदरसा प्रधान परिषद् के वेबसाइट पर उपलब्ध पंजीयन एवं परीक्षा फॉर्म को डाउनलोड कर सभी छात्रों को देंगे। उक्त फॉर्म में सभी छात्र अपनी विवरणी भरकर मदरसा में जमा करेंगे।
- मदरसा प्रधान पूर्व से हस्तगत कराये गये मदरसे का Login ID एवं Password का उपयोग कर पंजीयन एवं परीक्षा फार्म भरने संबंधी कार्यों का निष्पादन करेंगे।
- सभी छात्रों का Form भरने के बाद शुल्क जमा करने हेतु Challan generate करना अनिवार्य होगा। उक्त चालान **Indian Bank** के किसी भी शाखा में जमा किया जा सकेगा।
- शुल्क संबंधी विवरणी वेबसाईट पर उपलब्ध है।
- **शुल्क जमा करने के दो दिनों के पश्चात् छात्र/छात्राओं की समेकित विवरणी, छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित Checklist, Consolidated Statement, चालान रसीद एवं अन्य सभी संबंधित कागजात परिषद् कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।**
- **आलिम, आलिम (प्रति.) एवं फाजिल परीक्षा, 2021 के लिए पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन प्रपत्र संबंधित परिषद् कार्यालय में निम्नप्रकार स्वीकार किए जायेंगे।**

| | मदरसा में जमा करने की तिथि | परिषद् कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| विलम्ब शुल्क रहित | 29.06.2021 से 10.07.2021 तक | 13.07.2021 तक |
| विलम्ब शुल्क सहित | 11.07.2021 से 19.07.2021 तक | 22.07.2021 तक |

**आवश्यक निर्देश**

1. वर्ग वस्तानियाँ में केवल नियमित (Regular) छात्र/छात्राओं का पंजीयन होगा।
2. दिनांक 01.03.2021 तक वर्ग वस्तानियाँ के लिए आयु सीमा 12 वर्ष, फौकानियाँ के लिए 14 वर्ष एवं मौलवी के लिए 16 वर्ष होना अनिवार्य है। जन्मतिथि सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र (सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत) की प्रति मांगे जाने पर जमा करना अनिवार्य होगा।
3. पंजीयन आवेदन के लिए रंगीन (Colour) फोटो ही अपलोड करें।
4. Non-Collegiate छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परिषद् से अनुमति लेना अनिवार्य है। जिसका डाटा अलग तैयार करना है। Non-Collegiate छात्र/छात्राओं को परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरते समय न्यायालय द्वारा इस आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि इस बीच किसी अन्य संस्था से शिक्षा ग्रहण नहीं किए है। साथ ही सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय एवं आचरण प्रमाण–पत्र भी आवश्यक होगा।
5. **निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में पंजीयन आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
6. **डाक द्वारा भेजा गया पंजीयन आवेदन-पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।**
7. पंजीयन आवेदन प्रपत्र के साथ अनिवार्य सभी कागजात परिषद् द्वारा जब मांगी जाएगी तो परिषद् कार्यालय में समर्पित करना अनिवार्य होगा।
8. परीक्षा आवेदन प्रपत्र उन्हीं छात्रों का स्वीकार किया जाएगा, जिनका पंजीयन आवेदन प्रपत्र भरा गया हो।
9. किसी भी समस्या के समाधान हेतु madrasa.jac@gmail.com पर e-mail करेंगे।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./-**
**(महीप कुमार सिंह)**
**सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/मदरसा/2584/19-SECY/366/21 Dt. 28.06.2021
D.O.P. 29.06.2021